Seventeenth Loksabha

an>

Title Need to develop Madhoganj in Hardoi district, Uttar Pradesh as an industrial area.

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र मिश्रिख, जनपद सीतापुर (उ.प्र.) एक अति पिछड़ा हुआ अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र है तथा इसमें सीतापुर, कानपुर नगर व हरदोई जनपदों के अति पिछड़े हुए क्षेत्र आते हैं । इस क्षेत्र की हरदोई जनपद की बिलग्राम तहसील में माधोगंज आता है । यहां बघौली से माधोगंज रोड पर उद्योग-धंधे तेजी के साथ विकसित हो रहे हैं तथा चाय की पैकेजिंग, चावल मिल्स, वेयर हाउस इत्यादि की स्थापना हो चुकी है ।

इस क्षेत्र के विकास के लिए माधोगंज को औद्योगिक क्षेत्र में विकसित किए जाने की नितांत आवश्यकता है, जिससे अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामीण क्षेत्र का तेजी से विकास हो सके । माधोगंज को औद्योगिक क्षेत्र में विकसित किए जाने से इस क्षेत्र का ही नहीं, बल्कि निकटवर्ती पिछड़े क्षेत्रों का भी तेजी से विकास होगा और ग्रामीण युवकों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे ।

अत: मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह माधोगंज को औद्योगिक क्षेत्र में विकसित किए जाने हेतु सकारात्मक कदम उठाए, ताकि अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र का तेजी से विकास हो सके ।

माननीय सभापति: श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा – उपस्थित नहीं ।

श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव जी ।